मुनि नेमिचन्द सिद्धान्तिदेव-रचित

द्रव्यसंग्रह

(व्याकरणिक विश्लेषण, अन्वय, व्याकरणात्मक अनुवाद)

संपादन

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

अनुवादक

श्रीमती शकुन्तला जैन

प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मुनि नेमिचन्द सिद्धान्तिदेव-रचित

द्रव्यसंग्रह

(व्याकरणिक विश्लेषण, अन्वय, व्याकरणात्मक अनुवाद)

संपादन

डॉ. कमलचन्द सोगाणी

निदेशक

जैनविद्या संस्थान-अपभ्रंश साहित्य अकादमी

अनुवादक

श्रीमती शकुन्तला जैन

सहायक निदेशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

◈ प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

श्री महावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

दूरभाष - 07469-224323

◈ प्राप्ति-स्थान

1. साहित्य विक्रय केन्द्र, श्री महावीरजी

2. साहित्य विक्रय केन्द्र

दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारकजी

सवाई रामसिंह रोड, जयपुर - 302 004

दूरभाष - 0141-2385247

◈ प्रथम संस्करण : अप्रेल, 2013

◈ सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

◈ मूल्य -200 रुपये

◈ ISBN 978-81-926468-1-7

◈ पृष्ठ संयोजन

फ्रैण्ड्स कम्प्यूटर्स

जौहरी बाजार, जयपुर - 302 003

दूरभाष - 0141-2562288

◈ मुद्रक

जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.

एम.आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रकाशकीय	V
1.	ग्रंथ एवं ग्रंथकारः सम्पादक की कलम से	1
2.	द्रव्यसंग्रह से प्राकृत भाषा कैसे सीखें?	5
3.	संकेत-सूची	6
4.	पहला अधिकार (छह द्रव्य, पंचास्तिकाय का निरूपण)	10
5.	दूसरा अधिकार (सात तत्त्व, नव पदार्थ का निरूपण)	38
6.	तीसरा अधिकार (मोक्षमार्ग का निरूपण)	50
7.	मूल पाठ	71
8.	परिशिष्ट-1	46
	(i) संज्ञा-कोश	79
	(ii) क्रिया-कोश	90
	(iii) कृदन्त-कोश	92
	(iv) विशेषण-कोश	94
	(v) संख्या-कोश	99
	(vi) सर्वनाम-कोश	100
	(vii) अव्यय-कोश	101
	परिशिष्ट-2	
	छंद	105
	सहायक पुस्तकें एवं कोश	109

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

मुनि नेमिचन्द सिद्धान्तिदेव-रचित **'द्रव्यसंग्रह'** व्याकरणिक विश्लेषण, अन्वय एवं व्याकरणात्मक अनुवाद सहित अध्ययनार्थियों के हाथों में समर्पित करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है।

'द्रव्यसंग्रह' जैनधर्म-दर्शन को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करनेवाली प्राकृत भाषा में रचित एक महत्त्वपूर्ण रचना है। इसमें कुल 58 गाथाएँ हैं जिनमें छह द्रव्यों, नौ पदार्थों और मोक्षमार्ग का निरूपण किया गया है। यह निरूपण पारम्परिक होते हुए भी कई विशेषताएँ लिये हुए हैं- 1. जीव का स्वरूप निश्चय-व्यवहार नय को आधार मानकर समझाया गया है। 2. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र का वर्णन भी निश्चय-व्यवहार नय के माध्यम से किया गया है। 3. ध्यान का वर्णन करते समय उत्कृष्ट ध्यान की रीति भी भलीभाँति समझाई गई है।

पण्डित जयचन्दजी छाबड़ा ने लिखा है: ''इसमें तीन अधिकार हैं। पहला षट्द्रव्य, पंचास्तिकाय के निरूपण का अधिकार है। उसमें 27 गाथाएँ हैं। पहली गाथा तो मंगलाचरणरूप है, दूसरी गाथा जीव के नव अधिकारों के नामों के संग्रहरूप है, बारह गाथाओं में जीवद्रव्य का नव अधिकारों से विवरण है, आठ गाथाओं में अजीवद्रव्य का कथन है, फिर पाँच गाथाओं में पंचास्तिकाय का प्ररूपण है। दूसरा सात तत्त्व, नव पदार्थ के निरूपण का अधिकार है। इसमें 11 गाथाएँ हैं। तीसरा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अधिकार मोक्षमार्ग के निरूपण का अधिकार है। इसमें 20 गाथाएँ हैं। आठ गाथाओं में निश्चय-व्यवहाररूप मोक्षमार्ग का प्ररूपण है, ग्यारह गाथाओं में ध्यान का व्याख्यान है और ग्रंथ की अंतिम गाथा में स्वागता छंद में प्राकृतरूप में आचार्य ने अपनी लघुता प्रकट की है। इस प्रकार अट्ठावन गाथाओं में ग्रन्थ समाप्त किया है।''

द्रव्यसंगह में मात्रिक व वर्णिक छंद का प्रयोग किया गया है। सत्तावन गाथाओं में मात्रिक व अंतिम गाथा में वर्णिक छंद है। मात्रिक छंद में गाहा व उग्गाहा छंद प्रयुक्त हुए हैं।

'द्रव्यसंग्रह' इस प्रकार तैयार किया गया है कि अध्ययनार्थी 'द्रव्यसंग्रह' से प्राकृत भाषा सीख सकें। प्राकृत भाषा को सीखने-समझने की दिशा में यह प्रथम व अनूठा प्रयास है। इसका प्रस्तुतिकरण अत्यन्त सहज, सरल, सुबोध एवं नवीन शैली में किया गया है जो पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगा। इस पुस्तक में गाथाओं का व्याकरणिक विश्लेषण, अन्वय तथा व्याकरणात्मक अनुवाद दिया गया है। इसके पश्चात संज्ञा-कोश, क्रिया-कोश, कृदन्त-कोश, विशेषण-कोश, संख्या-कोश, सर्वनाम-कोश, अव्यय-कोश दिये गये हैं। गाथाओं में प्रयुक्त छंदो के नाम दिये गये हैं जिससे पाठक छंद का ज्ञान भी प्राप्त कर सकता है। यह पुस्तक पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, और पाठक **'द्रव्यसंग्रह'** के माध्यम से प्राकृत भाषा का समुचित ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे, ऐसी आशा है।

श्रीमती शकुन्तला जैन, एम.फिल. ने बड़े परिश्रम से **'द्रव्यसंग्रह'** को प्रस्तुत किया है जिससे अध्ययनार्थी प्राकृत भाषा को सीखने में अनवरत उत्साह बनाये रख सकेंगे। अतः वे हमारी बधाई की पात्र हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक-प्रकाशन के लिए अपभ्रंश साहित्य अकादमी के विद्वानों विशेषतया श्रीमती शकुन्तला जैन के आभारी हैं जिन्होंने **'द्रव्यसंग्रह'** का व्याकरणात्मक अनुवाद करके प्राकृत के पठन-पाठन को सुगम बनाने का प्रयास किया है।

पृष्ठ संयोजन के लिए फ्रेण्ड्स कम्प्यूटर्स एवं मुद्रण के लिए जयपुर प्रिण्टर्स धन्यवादार्ह है।

जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन	**प्रकाशचन्द्र जैन**	**डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
अध्यक्ष	मंत्री	संयोजक
प्रबन्धकारिणी कमेटी		जैनविद्या संस्थान समिति
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी		जयपुर

वीर निर्वाण संवत्-2539

23.04.2013

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थ और ग्रन्थकार

संपादक की कलम से

आचार्य नेमिचन्द सिद्धान्तिदेव द्वारा रचित द्रव्यसंग्रह 11 वीं शताब्दी की कृति है। शौरसेनी प्राकृत भाषा की 58 गाथाओं में रचित यह रचना लघु होते हुए भी सारगर्भित, मौलिक और अपूर्व है। यह असंदिग्ध है कि नेमिचन्द मुनि के सम्मुख आचार्य कुन्दकुन्द का साहित्य और नेमिचन्द्राचार्य रचित गोम्मटसार जीवकाण्ड व कर्मकाण्ड थे। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने इनका गहन अध्ययन किया और इनसे प्राप्त ज्ञान को एक सुन्दर माला में संजोकर अपने व्यक्तिगत साधना के अनुभव को इसमें जोड़कर द्रव्यसंग्रह तैयार किया। निस्सन्देह यह ग्रन्थ मोक्षमार्ग के साधकों को दृष्टि में रखकर ही लिखा गया है, किन्तु इसमें जैन अध्यात्म के सारभूत तत्त्व सम्मिलित किये गये हैं।

इसमें ध्यान का विलक्षण प्रतिपादन है। निश्चय-व्यवहार की समझ वादविवाद से हल नहीं की जा सकती है। ध्यान से ही इसके भेद को हृदयंगम किया जा सकता है। निश्चय-व्यवहार को यह ग्रन्थ बहुत ही सहज रूप में साथ लेकर चला है। भावनिर्जरा में 'भुत्तरसं' की धारणा मौलिक है। इस तरह से पारंपरिक प्रतिपादन में कुछ नई आध्यात्मिक धारणाएँ इस ग्रन्थ को उच्चस्तरीय स्वीकारने के लिए बाध्य करती है। इस ग्रन्थ का पाठ करने पर पूरा जैन-धर्म-दर्शन आँखों के सामने सदैव उपस्थित रहेगा और साधक पदच्युत होने से बचेगा। लगता है इन बातों के कारण ही द्रव्यसंग्रह को कण्ठस्थ करना मुनिचर्या का हिस्सा बन गया है। ग्रन्थ की इन्हीं महत्त्वपूर्ण बातों के कारण मेरे सुझाव पर श्रीमती शकुन्तला जैन, एम. फिल. ने प्राकृत का व्याकरणिक विश्लेषण और इसका व्याकरणात्मक हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया है। इस प्रकार के प्रस्तुतिकरण से प्राकृत भाषा इस ग्रन्थ से सीखी जा सकेगी, ऐसी आशा है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

नेमिचन्द मुनि ने द्रव्यसंग्रह में जैनधर्म की प्रायः सभी मौलिक अवधारणाओं को स्थान दिया है- उदाहरणार्थ, जीव का स्वरूप व जीवों का वर्गीकरण, उपयोग की धारणा, पुद्गल का स्वरूप, प्रदेश की धारणा, कर्मों का पुद्गलात्मक होना, सम्यग्दर्शन का स्वरूप, तार्किक ज्ञान और सम्यग्ज्ञान में भेद, पंचास्तिकाय की धारणा, उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य की धारणा, निश्चय और व्यवहार का गाथाओं में प्रयोग आदि। ये सभी अवधारणाएँ नेमिचन्द मुनि को परंपरा से प्राप्त हुई हैं जिनको उन्होंने अपने ग्रन्थ में स्थान देकर जैनधर्म को संक्षेप में प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की है।

द्रव्यसंग्रह के तीन अधिकारों में षड् द्रव्य-सप्त तत्त्व-मोक्ष की अवधारणा को समझाया गया है जो प्रस्तुत हैः-

जिसके तीन काल में चार प्राण- इन्द्रिय, बल, आयु, श्वास निकालना और श्वास लेना होते हैं वह व्यवहारनय से जीव है किन्तु निश्चयनय से जीव निस्सन्देह चैतन्य होता है। वर्ण, रस, गंध, स्पर्श ये निश्चयनय से जीव में नहीं होते हैं उस कारण से जीव अमूर्तिक है। व्यवहारनय से जीव कर्म पुद्गल के बंध से मूर्तिक होता है। अनेक प्रकार के स्थावर एकेन्द्रिय जीव होते हैं, जैसे- पृथ्वी, जल, तेज, वायु, और वनस्पति। दो इन्द्रिय से जाननेवाले, तीन इन्द्रिय से जाननेवाले, चार और पाँच इन्द्रियों से जाननेवाले त्रस जीव होते हैं, जैसे- शंख आदि।

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल छह द्रव्य है। रूपादि गुणवाला होने से पुद्गल मूर्तिक होता है किन्तु शेष जीव, धर्म, अधर्म, आकाश और काल अमूर्तिक होते हैं। शब्द, बंध (बंधन), सूक्ष्म-स्थूल संस्थान (आकृति), भेद (टुकड़े-टुकड़े होना), तम (अंधकार), छाया, उद्योत (प्रकाश), आतप (सूर्य, अग्नि आदि की गर्मी) पुद्गल की पर्यायें हैं। गति में परिवर्तित पुद्गल और जीवों के लिए धर्म द्रव्य गति में सहकारी होता है, जैसे- मछलियों के लिए जल किन्तु

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वह धर्म द्रव्य ठहरी हुई मछलियों को गति नहीं कराता अर्थात् गति में प्रेरक नहीं होता। स्थितियुक्त पुद्गल और जीवों के लिए अर्थात् ठहरे हुओं के लिए अधर्म द्रव्य स्थिति में सहकारी होता है, जैसे- पथिकों के लिए छाया किन्तु वह अधर्म द्रव्य चलते हुए पथिकों को ठहराता नहीं है अर्थात् ठहराने में प्रेरक नहीं होता। आकाश द्रव्य- लोकाकाश, अलोकाकाश के भेद से दो प्रकार का है। जो जीव आदि द्रव्यों को अवकाश (जगह) देने में योग्य (समर्थ) है वह लोकाकाश है उससे आगे अलोकाकाश कहा गया है। द्रव्य में पहिचानने योग्य परिवर्तन आदि काल का द्योतक होता है वह व्यवहार काल है और पहचानने योग्य परिवर्तन का आधार, परमार्थकाल होता है। परिवर्तन 'समय' में होता है अतः उसका आधार काल द्रव्य ही परमार्थ काल है।

आत्मा के जिस भाव से कर्म को प्रवेश मिलता है वह भावास्रव है। ज्ञानावरण कर्म आदि के योग्य जो पुद्गल भाव के साथ-साथ आता है, वह द्रव्यास्रव है। आत्मा के राग-द्वेषादि भाव से कर्म बांधा जाता है वह भावबंध है और कर्म तथा आत्मा के प्रदेशों का परस्पर/आपस में प्रवेश वह द्रव्यबंध है। आत्मा का भाव जो कर्म के आस्रव को रोकने में कारण है वह भावसंवर है और जो द्रव्यास्रव को रोकने में कारण है वह द्रव्यसंवर है। आत्मा के जिस भाव से भोगा हुआ सुखात्मक और दुखात्मक रस विलीन हो जाता है वह भाव निर्जरा और उचित समय आने पर तप द्वारा पुद्गलकर्म उस आत्मा का नष्ट होता है वह द्रव्य निर्जरा है। जो सब कर्म के नाश का कारण आत्मा का परिणाम है वह भावमोक्ष है और कर्म की आत्मा से पृथक अवस्था द्रव्यमोक्ष है।

व्यवहार नय से सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र मोक्ष का कारण है। निश्चयनय से सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमय अपनी आत्मा ही है। आत्मा को छोड़कर अन्य द्रव्य में रत्नत्रय विद्यमान नहीं होता, इसलिए निश्चय

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

से आत्मा ही मोक्ष का कारण होता है। जीव आदि पर श्रद्धा सम्यक्त्व है। वह सम्यक्त्व रत्नत्रययुक्त आत्मा का स्वरूप ही है। सम्यक्त्व विद्यमान होने पर तार्किक दोष से रहित ज्ञान भी सम्यक् अध्यात्म दृष्टिवाला हो जाता है। अशुभ भाव से निवृत्ति और शुभ भाव में प्रवृत्ति व्यवहारनय से चारित्र है। वह चारित्र व्रत, समिति और गुप्ति से युक्त होता है। संसार के कारणों का विनाश करने के लिए ज्ञानी के जो बाह्य (शुभ-अशुभात्मक) और अंतरंग विकल्पात्मक क्रियाओं का निरोध है वह उत्कृष्ट सम्यक्चारित्र है। चूँकि दो प्रकार के (निश्चय और व्यवहार रूप) मोक्ष के कारण को मुनि ध्यान में अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हैं इसलिए अनवरत प्रयास सहित चित्त से ध्यान का खूब अभ्यास करना चाहिये। अद्भुत ध्यान की सम्पन्नता के लिए तो स्थिर चित्त करो और उसके लिये इष्ट-अनिष्ट पदार्थों में तादात्म्य करके मूर्च्छित मत होवो, आसक्त मत होवो और उन पर दोष मत थोपो। किसी पदार्थ का थोड़ा भी ध्यान करते हुए एकाग्रता को प्राप्त करके साधुजन निष्काम वृत्तिवाले हो जाते हैं तब उनके उस ध्यान को निश्चय ध्यान कहा गया है। कुछ भी काय की क्रिया मत करो, कुछ भी मत बोलो, कुछ भी विचार मत करो जिससे आत्मा आत्मामें तृप्त हुआ स्थिर हो जाता है। यही सर्वोत्तम/उत्कृष्ट ध्यान होता है।

द्रव्यसंग्रह में जो पारिभाषिक शब्दावली आई है, उसकी व्याख्या करने का हमने प्रयत्न नहीं किया है, उसको पं. चैनसुखदास न्यायतीर्थ के द्वारा संपादित 'अर्हत् प्रवचन' से, श्री ब्रह्मदेव की टीका से तथा श्री जयचन्द जी छाबड़ा की ढूँढारी भाषा की टीका से समझा जा सकता है। हमारा मूल उद्देश्य यहाँ द्रव्यसंग्रह के माध्यम से प्राकृत सिखाना है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्यसंग्रह से प्राकृत भाषा कैसे सीखें?

द्रव्यसंग्रह से प्राकृत भाषा सीखने के लिए कुछ सोपान दिए जा रहे हैं जिनको हृदयंगम करने से आप सरल एवं सुचारु रूप से प्राकृत भाषा सीख सकते हैं-

1. सर्वप्रथम आप 'प्राकृत रचना सौरभ' में से प्रारम्भिक (पृष्ठ vii, viii) पढ लें।
2. द्रव्यसंग्रह में दी गयी संकेत-सूची समझ लें।
3. द्रव्यसंग्रह में दिये गये संज्ञा-कोश, क्रिया-कोश, कृदन्त-कोश, विशेषण-कोश, संख्या-कोश, सर्वनाम-कोश, अव्यय-कोश का अध्ययन कर लें।
4. द्रव्यसंग्रह की मूलगाथा एवं व्याकरणिक विश्लेषण को पढ लें।
5. गाथाओं के अन्वय एवं व्याकरणात्मक अनुवाद को व्याकरणिक विश्लेषण के साथ पढें।
6. संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की रूपावली के लिए **'प्राकृत रचना सौरभ'** के पाठ 84 का अध्ययन कर लें।
7. संख्यावाची शब्दों की रूपावली के लिए **'प्रौढ प्राकृत रचना सौरभ' (भाग-1)** के पाठ 4 का अध्ययन कर लें।
8. अनियमित कर्मवाच्य और अनियमित भूतकालिक कृदन्त के लिए **'प्राकृत अभ्यास सौरभ'** के अभ्यास 39 एवं अभ्यास 40 का अध्ययन कर लें।
9. अंत में द्रव्यसंग्रह की गाथाओं में प्रयुक्त छंदों को समझना उपयोगी होगा।

इस प्रकार अध्ययन करने से आप प्राकृत भाषा को भलीभाँति सीख सकेंगे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

संकेत–सूची

प्राकृत भाषा को अच्छी तरह समझने के लिए गाथा में निहित प्रत्येक पद जैसे-संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, कृदन्त आदि का व्याकरणिक रूप से विश्लेषण करने का ज्ञान होना अति आवश्यक है। व्याकरणिक विश्लेषण को भलीभाँति समझने के लिए संकेत-सूची प्रस्तुत की जा रही है, जिसके माध्यम से आप गाथाओं में दिये गये संकेतों को भलीभाँति समझ सकेंगे।

अ – अव्यय (इसका अर्थ = लगाकर लिखा गया है)

अक - अकर्मक क्रिया

अनि - अनियमित

कर्म - कर्मवाच्य

क्रिविअ - क्रिया विशेषण अव्यय (इसका अर्थ = लगाकर लिखा गया है)

नपुं. - नपुंसकलिंग

पु. - पुल्लिंग

भूकृ - भूतकालिक कृदन्त

व - वर्तमानकाल

वकृ - वर्तमान कृदन्त

वि - विशेषण

विधि - विधि

विधिकृ - विधि कृदन्त

स - सर्वनाम

संकृ - संबंधक कृदन्त

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सक - सकर्मक क्रिया

सवि - सर्वनाम विशेषण

स्त्री. - स्त्रीलिंग

•()- इस प्रकार के कोष्ठक में मूल शब्द रखा गया है।

•[()+()+().....] इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर + चिह्न शब्दों में संधि का द्योतक है। यहाँ अन्दर के कोष्ठकों में गाथा के शब्द ही रख दिये गये हैं।

•[()-()-().....] इस प्रकार के कोष्ठक के अन्दर '-' चिह्न समास का द्योतक है।

{[()+()+().....]वि} जहाँ समस्त पद विशेषण का कार्य करता है वहाँ इस प्रकार के कोष्ठक का प्रयोग किया गया है।

•जहाँ कोष्ठक के बाहर केवल संख्या (जैसे 1/1, 2/1 आदि) ही लिखी है वहाँ उस कोष्ठक के अन्दर का शब्द **'संज्ञा'** है।

•जहाँ **कर्मवाच्य, कृदन्त** आदि **प्राकृत** के नियमानुसार नहीं बने हैं वहाँ कोष्ठक के बाहर **'अनि'** भी लिखा गया है।

क्रिया-रूप निम्न प्रकार लिखा गया है-

1/1 **अक** या **सक** - उत्तम पुरुष/एकवचन

1/2 **अक** या **सक** - उत्तम पुरुष/बहुवचन

2/1 **अक** या **सक** - मध्यम पुरुष/एकवचन

2/2 **अक** या **सक** - मध्यम पुरुष/बहुवचन

3/1 **अक** या **सक** - अन्य पुरुष/एकवचन

3/2 **अक** या **सक** - अन्य पुरुष/बहुवचन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विभक्तियाँ निम्न प्रकार लिखी गई हैं–

1/1 - प्रथमा/एकवचन
1/2 - प्रथमा/बहुवचन
2/1 - द्वितीया/एकवचन
2/2 - द्वितीया/बहुवचन
3/1 - तृतीया/एकवचन
3/2 - तृतीया/बहुवचन
4/1 - चतुर्थी/एकवचन
4/2 - चतुर्थी/बहुवचन
5/1 - पंचमी/एकवचन
5/2 - पंचमी/बहुवचन
6/1 - षष्ठी/एकवचन
6/2 - षष्ठी/बहुवचन
7/1 - सप्तमी/एकवचन
7/2 - सप्तमी/बहुवचन

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्यसंग्रह

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पहला अधिकार
(छह द्रव्य, पंचास्तिकाय का निरूपण)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

1. जीवमजीवं दव्वं जिणवरवसहेण जेण णिद्दिट्ठं।
देविंदविंदवंदं वंदे तं सव्वदा सिरसा।।

जीवमजीवं	[(जीवं)+(अजीवं)]	
	जीवं (जीव) 1/1	जीव
	अजीवं (अजीव) 1/1 वि	अजीव
दव्वं	(दव्व) 1/1	द्रव्य
जिणवरवसहेण	[(जिणवर)-	जिनवर
	(वसह) 3/1]	ऋषभ के द्वारा
जेण	(ज) 3/1 सवि	जिस (जिन) के द्वारा
णिद्दिट्ठं	(णिद्दिट्ठ) भूकृ 1/1 अनि	कहा गया है
देविंदविंदवंदं	[(देविंद)-(विंद)-(वंद)	देवेन्द्रों के समूह द्वारा
	विधिकृ 2/1 अनि]	वंदनीय
वंदे	(वंदे) व 1/1 सक अनि	प्रणाम करता हूँ
तं	(त) 2/1 सवि	उनको
सव्वदा	अव्यय	सदा
सिरसा	(सिरसा) 3/1 अनि	सिर से

अन्वय– जेण जिणवरवसहेण जीवमजीवं दव्वं णिद्दिट्ठं तं देविंदविंदवंदं सव्वदा सिरसा वंदे।

अर्थ– जिन जिनवर (अरिहंत) ऋषभ के द्वारा जीव-अजीव द्रव्य कहा गया है उन देवेन्द्रों के समूह द्वारा वंदनीय (ऋषभदेव) को (मैं) सदा सिर से प्रणाम करता हूँ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

2. जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्स सोड्ढगई।।

जीवो	(जीव) 1/1 वि	जीवरूप
उवओगमओ	(उवओगमअ) 1/1 वि	उपयोगमय
*अमुत्ति (मूलशब्द)	(अमुत्ति) 1/1 वि	अमूर्तिक
कत्ता	(कत्तु) 1/1 वि	कर्ता
सदेहपरिमाणो	{[(स-देह)-(परिमाण) 1/1] वि}	अपनी देह के परिमाणवाला
भोत्ता	(भोत्तु) 1/1 वि	भोक्ता
संसारत्थो	(संसारत्थ) 1/1 वि	संसार में स्थित
सिद्धो	(सिद्ध) 1/1 वि	सिद्ध
सो	(त) 1/1 सवि	वह
*विस्स (मूलशब्द)	(विस्स) 7/1	लोक में/तक
सोड्ढगई	[(स)+(उड्ढगई)] [(स) वि -(उड्ढगइ) 1/1]	उर्ध्वगति सहित

अन्वय– सो जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो भोत्ता संसारत्थो सिद्धो विस्स सोड्ढगई।

अर्थ– वह (जीव द्रव्य) जीवरूप, उपयोगमय, अमूर्तिक, कर्ता, अपनी देह के परिमाणवाला, भोक्ता, संसार में स्थित, सिद्ध, लोक में/तक उर्ध्वगति सहित (होता है)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है।
(पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

3. तिक्काले चदुपाणा इंदियबलमाउआणपाणो य।
ववहारा सो जीवो णिच्छयणयदो दु चेदणा जस्स।।

तिक्काले	(तिक्काल) 7/1	तीन काल में
चदुपाणा	[(चदु) वि-(पाण) 1/2]	चार प्राण
इंदियबलमाउ-	[(इंदियबलं)+(आउ-	
आणपाणो	आणपाणो)]	
	[(इंदिय)-(बल) 1/1]	इन्द्रिय, बल,
	[(आउ)-(आणपाण) 1/1]	आयु, श्वास निकालना और श्वास लेना
य	अव्यय	और
ववहारा	(ववहार) 5/1	व्यवहार (नय) से
सो	(त) 1/1 सवि	वह
जीवो	(जीव) 1/1	जीव
णिच्छयणयदो	(णिच्छयणय) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	निश्चयनय से
दु	अव्यय	निस्सन्देह
चेदणा	(चेदणा) 1/1	चैतन्य
जस्स	(ज) 6/1 सवि	जिसके

अन्वय– जस्स तिक्काले चदुपाणा इंदियबलमाउआणपाणो सो ववहारा जीवो य णिच्छयणयदो दु चेदणा।

अर्थ– जिसके तीन काल में चार प्राण- इन्द्रिय, बल, आयु, श्वास निकालना और श्वास लेना (होते हैं) - वह व्यवहार (नय) से जीव (होता है) और (शुद्ध) निश्चयनय से (जीव) निस्सन्देह चैतन्य (होता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

4. उवओगो दुवियप्पो दंसणणाणं च दंसणं चदुधा।
चक्खु अचक्खू ओही दंसणमध केवलं णेयं।।

उवओगो	(उवओग) 1/1	उपयोग
दुवियप्पो	{[(दु)वि-(वियप्प)1/1] वि}	दो भेद वाला
दंसणणाणं	[(दंसण)-(णाण) 1/1]	दर्शन (उपयोग), ज्ञान (उपयोग)
च	अव्यय	और
दंसणं	(दंसण) 1/1	दर्शन
चदुधा	अव्यय	चार प्रकार का
*चक्खु (मूलशब्द)	(चक्खु) 1/1	चक्षु
अचक्खू	(अचक्खु) 1/1	अचक्षु
ओही	(ओहि) 1/1	अवधि
दंसणमध	[(दंसणं)+(अध)]	
	दंसणं (दंसण) 1/1	दर्शन,
	अध (अ) = इसके बाद	इसके बाद
केवलं	(केवल) 1/1	केवल
णेयं	(णेय) विधिकृ 1/1 अनि	समझा जाना चाहिये

अन्वय– उवओगो दुवियप्पो दंसणणाणं च दंसणं चदुधा चक्खु अचक्खू ओही दंसणं अध केवलं णेयं।

अर्थ– उपयोग दो भेदवाला (है)- 1. दर्शन (उपयोग) और 2. ज्ञान (उपयोग)। दर्शन (उपयोग) चार प्रकार का (होता है)- 1. चक्षु (दर्शनोपयोग) 2. अचक्षु (दर्शनोपयोग) 3. अवधि (दर्शनोपयोग) और इसके बाद 4. केवल (दर्शनोपयोग) समझा जाना चाहिये।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है।

(पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

5. णाणं अट्ठवियप्पं मदिसुदिओही अणाणणाणाणि।
मणपज्जयकेवलमवि पच्चक्खपरोक्खभेयं च।।

णाणं	(णाण) 1/1	ज्ञान
अट्ठवियप्पं	{[(अट्ठ) वि-(वियप्प) 1/1] वि}	आठ भेदवाला
मदिसुदिओही	[(मदि)-(सुदि)-(ओहि) 1/1]	मति, श्रुति, अवधि
अणाणणाणाणि	{[(अणाण) वि-(णाण) 1/2] वि}	अज्ञानरूप, ज्ञानरूप
मणपज्जयकेवलमवि	[(मणपज्जयकेवलं)+(अवि)]	
	[(मणपज्जय)-(केवल) 1/1]	मनःपर्यय, केवल
	अवि (अ) = ही	ही
पच्चक्खपरोक्खभेयं	{[(पच्चक्ख)-(परोक्ख)-(भेअ) 1/1] वि}	प्रत्यक्ष, परोक्ष भेदवाला
च	अव्यय	और

अन्वय–णाणं अट्ठवियप्पं मदिसुदिओही अणाणणाणाणि मणपज्जय–केवलं अवि पच्चक्खपरोक्खभेयं च।

अर्थ– ज्ञान (अध्यात्म दृष्टि से) आठ भेदवाला (होता है)- मति, श्रुति, अवधि (ये तीनों मिथ्यात्व अवस्था में) अज्ञानरूप (कहे गये हैं) (और) (ये तीनों सम्यक्त्व अवस्था में) ज्ञानरूप (कहे गये हैं)। मनःपर्यय और केवल (ज्ञानरूप) ही (होते हैं)। (ये ज्ञान तार्किक दृष्टि से) प्रत्यक्ष और परोक्ष भेदवाले (हैं) (अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान प्रत्यक्ष हैं तथा मति, श्रुतिज्ञान परोक्ष हैं)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

6. अट्ठ चदु णाण दंसण सामण्णं जीवलक्खणं भणियं।
ववहारा सुद्धणया सुद्धं पुण दंसणं णाणं।।

अट्ठ	(अट्ठ) 1/2 वि	आठ
*चदु (मूलशब्द)	(चदु) 1/2 वि	चार
*णाण (मूलशब्द)	(णाण) 1/2 वि	ज्ञानरूप
*दंसण (मूलशब्द)	(दंसण) 1/2 वि	दर्शनरूप
सामण्णं	(सामण्ण) 1/1 वि	साधारण
जीवलक्खणं	[(जीव)-(लक्खण) 1/1]	जीव का लक्षण
भणियं	(भण→भणिय) भूकृ 1/1	कहा गया है
ववहारा	(ववहार) 5/1	व्यवहार (नय) से
सुद्धणया	(सुद्धणय) 5/1	शुद्धनय से
सुद्धं	(सुद्ध) 1/1 वि	शुद्ध
पुण	अव्यय	और
दंसणं	(दंसण) 1/1	दर्शन
णाणं	(णाण) 1/1	ज्ञान

अन्वय– ववहारा जीवलक्खणं सामण्णं अट्ठ णाण चदु दंसण भणियं सुद्धणया सुद्धं दंसणं पुण णाणं।

अर्थ– व्यवहार (नय) से जीव का साधारण लक्षण आठ ज्ञानरूप और चार दर्शनरूप कहा गया है। शुद्धनय से शुद्ध दर्शन और (शुद्ध) ज्ञान (जीव का लक्षण कहा गया है)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

7. **वण्ण रस पंच गंधा दो फासा अट्ठ णिच्छया जीवे।**
णो संति अमुत्ति तदो ववहारा मुत्ति बंधादो।।

*वण्ण (मूलशब्द)	(वण्ण) 1/2	वर्ण
*रस (मूलशब्द)	(रस) 1/2	रस
पंच	(पंच) 1/2 वि	पाँच
गंधा	(गंध) 1/2	गंध
दो	(दो) 1/2 वि	दो
फासा	(फास) 1/2	स्पर्श
अट्ठ	(अट्ठ) 1/2 वि	आठ
णिच्छया	(णिच्छय) 5/1	निश्चय (नय) से
जीवे	(जीव) 7/1	जीव में
णो	अव्यय	नहीं
संति	(अस) व 3/2 अक	होते हैं
*अमुत्ति (मूलशब्द)	(अमुत्ति) 1/1 वि	अमूर्तिक
तदो	अव्यय	उस कारण से
ववहारा	(ववहार) 5/1	व्यवहार (नय) से
*मुत्ति (मूलशब्द)	(मुत्ति) 1/1	मूर्तिक
बंधादो	(बंध) 5/1	बंध से

अन्वय– वण्ण रस पंच गंधा दो फासा अट्ठ णिच्छया जीवे णो संति तदो अमुत्ति ववहारा बंधादो मुत्ति।

अर्थ– वर्ण (पाँच), रस पाँच, गंध दो, स्पर्श आठ (ये) (शुद्ध) निश्चय (नय) से जीव में नहीं होते हैं उस कारण से (जीव) अमूर्तिक है। व्यवहार (नय) से (जीव) (कर्मपुद्गल के) बंध से मूर्तिक (होता है)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. पुग्गलकम्मादीणं कत्ता ववहारदो दु णिच्छयदो।
चेदणकम्माणादा सुद्धणया सुद्धभावाणं।।

पुग्गलकम्मादीणं	[(पुग्गलकम्म)+(आदीणं)]	
	[(पुग्गल)-(कम्म)-(आदि) 6/2]	पुद्गल कर्म आदि का
कत्ता	(कत्तु) 1/1 वि	कर्ता
ववहारदो	(ववहार) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	व्यवहार (नय) से
दु	अव्यय	और
णिच्छयदो	(णिच्छय) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	निश्चय (नय) से
चेदणकम्माणादा	[(चेदणकम्माण)+(आदा)]	
	[(चेदण)-(कम्म) 6/2]	भावकर्मों का
	आदा (आद) 1/1	आत्मा
सुद्धणया	(सुद्धणय) 5/1	शुद्धनय से
सुद्धभावाणं	(सुद्धभाव) 6/2	शुद्धभावों का

अन्वय–आदा ववहारदो पुग्गलकम्मादीणं कत्ता दु णिच्छयदो चेदणकम्माण सुद्धणया सुद्धभावाणं।

अर्थ– आत्मा व्यवहार (नय) से पुद्गल कर्म आदि का कर्ता है और (अशुद्ध) निश्चय (नय) से (राग-द्वेष आदि अशुद्ध) भावकर्मों का (तथा) शुद्धनय से शुद्धभावों का (कर्ता) है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

9. ववहारा सुहदुक्खं पुग्गलकम्मप्फलं पभुंजेदि।
आदा णिच्छयणयदो चेदणभावं खु आदस्स।।

ववहारा	(ववहार) 5/1	व्यवहारनय से
सुहदुक्खं	[(सुह)-(दुक्ख) 2/1]	सुख-दुःख को
पुग्गलकम्मप्फलं	[(पुग्गल)-(कम्म) -(प्फल) 2/1]	पुद्गल कर्मों के फल को
पभुंजेदि	(पभुंज) व 3/1 सक	भोगता है
आदा	(आद) 1/1	आत्मा
णिच्छयणयदो	(णिच्छयणय) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	निश्चयनय से
चेदणभावं	[(चेदण)-(भाव) 2/1]	चेतन भाव को
खु	अव्यय	ही
आदस्स	(आद) 6/1	निज के

अन्वय– आदा ववहारा पुग्गलकम्मप्फलं सुहदुक्खं पभुंजेदि णिच्छयणयदो आदस्स खु चेदणभावं।

अर्थ– आत्मा व्यवहारनय से पुद्गल कर्मों के फल सुख-दुःख को भोगता है। (अशुद्ध) निश्चयनय से निज के ही चेतन (राग-द्वेष आदि अशुद्ध) भाव को (भोगता है)। (शुद्धनय से शुद्ध भावों को भोगता है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

10. अणुगुरुदेहपमाणो उवसंहारप्पसप्पदो चेदा।
असमुहदो ववहारा णिच्छयणयदो असंखदेसो वा।।

अणुगुरुदेहपमाणो	{[(अणु) वि -(गुरु) वि -(देह)-(पमाण) 1/1] वि}	छोटे-बड़े शरीर प्रमाणवाली
उवसंहारप्पसप्पदो	[(उवसंहार)-(प्पसप्प) 5/1] पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	संकोच-विस्तार से
चेदा	(चेद) 1/1	आत्मा
असमुहदो	(अ-समुहद) 1/1 वि	समुद्घात को अप्राप्त
ववहारा	(ववहार) 5/1	व्यवहार (नय) से
णिच्छयणयदो	(णिच्छयणय) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	निश्चयनय से
असंखदेसो	{[(असंख)-(देस) 1/1] वि}	असंख्यात प्रदेशवाली
वा	अव्यय	तथा

अन्वय– असमुहदो चेदा ववहारा अणुगुरुदेहपमाणो उवसंहारप्पसप्पदो वा णिच्छयणयदो असंखदेसो।

अर्थ– समुद्घात को अप्राप्त आत्मा व्यवहार (नय) से संकोच-विस्तार (गुण) से छोटे-बड़े शरीर प्रमाणवाली (होती है) तथा (शुद्ध) निश्चयनय से (आत्मा) असंख्यात प्रदेशवाली (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

11. पुढविजलतेयवाऊ वणप्फदी विविहथावरेइंदी।
विगतिगचदुपंचक्खा तसजीवा होंति संखादी।।

पुढविजलतेयवाऊ	[(पुढवि)-(जल)-(तेय) -(वाउ) 1/1]	पृथ्वी, जल, तेज, वायु
वणप्फदी	(वणप्फदि) 1/1	वनस्पति
विविहथावरेइंदी	[(विविहथावर)+(एअ)+(इंदी)]	
	[(विविह) वि-(थावर) -(एअ) वि-(इंदि) 1/1]	अनेक प्रकार के स्थावर एक इन्द्रिय
विगतिगचदुपंचक्खा	[(विगतिगचदुपंच)+(अक्खा)]	
	[(विग) वि-(तिग) वि-(चदु) वि-(पंच) वि-(अक्ख) 5/1]	दो (इन्द्रिय) से गमन करनेवाले, तीन (इन्द्रिय) से गमन करनेवाले, चार, और पाँच इन्द्रियों से (गमन करनेवाले)
तसजीवा	(तसजीव) 1/2	त्रस जीव
होंति	(हो) व 3/2 अक	होते हैं
संखादी	[(संख)+(आदी)]	
	[(संख)-(आदि) 1/2]	शंख आदि

अन्वय- विविहथावरेइंदी पुढविजलतेयवाऊ वणप्फदी विगतिग-चदुपंचक्खा तसजीवा होंति संखादी।

अर्थ- अनेक प्रकार के स्थावर एक इन्द्रिय (जीव होते हैं) (जैसे) पृथ्वी, जल, तेज, वायु, (और) वनस्पति। दो (इन्द्रिय) से गमन करनेवाले, तीन (इन्द्रिय) से गमन करनेवाले, चार (और) पाँच इन्द्रियों से (गमन करनेवाले) त्रस जीव होते हैं (जैसे) शंख आदि।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

12. समणा अमणा णेया पंचिंदिय णिम्मणा परे सव्वे।
बादरसुहमेइंदी सव्वे पज्जत्त इदरा य।।

समणा	(समण) 1/2 वि	मनवाले
अमणा	(अमण) 1/2 वि	अमनवाले
णेया	(णेय) विधिकृ 1/2 अनि	समझे जाने चाहिये
*पंचिंदिय (मूलशब्द)	[(पंच)+(इंदिय)]	
	[(पंच) वि-(इंदिय) 1/2]	पाँच इन्द्रिय
णिम्मणा	(णिम्मण) 1/2 वि	मन से रहित
परे	(पर) 1/2 वि	अन्य
सव्वे	(सव्व) 1/2 सवि	सभी
बादरसुहमेइंदी	[(बादरसुहम)+(एअ)+(इंदी)]	
	[(बादर) वि-(सुहम) वि	बादर, सूक्ष्म
	-(एअ) वि-(इंदि) 1/1]	एक इन्द्रिय
सव्वे	(सव्व) 1/2 सवि	सभी
*पज्जत्त (मूलशब्द)	(पज्जत्त) 1/2 वि	पर्याप्ति से युक्त
इदरा	(इदर) 1/2 वि	विपरीत
य	अव्यय	और

अन्वय- पंचिंदिय समणा अमणा णेया परे सव्वे णिम्मणा बादरसुहमेइंदी सव्वे पज्जत्त य इदरा।

अर्थ- पाँच इन्द्रिय (जीव) मनवाले, (और) अमनवाले समझे जाने चाहिये। अन्य सभी (चार इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, दो इन्द्रिय) मन से रहित (होते हैं) (और) एक इन्द्रिय (जीव) बादर (और) सूक्ष्म (होते हैं)। सभी पर्याप्ति से युक्त और (इसके) विपरीत (अपर्याप्ति से युक्त होते हैं)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

13. मग्गणगुणठाणेहि य चउदसहि हवंति तह असुद्धणया।
विण्णेया संसारी सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया।।

मग्गणगुणठाणेहि	[(मग्गण)-(गुणठाण) 3/2]	मार्गणास्थान, गुणस्थान से युक्त
य	अव्यय	और
चउदसहि	(चउदस) 3/2 वि	चौदह
हवंति	(हव) व 3/2 अक	होते हैं
तह	अव्यय	पादपूर्ति
असुद्धणया	(असुद्धणय) 5/1 वि	अशुद्धनय से
विण्णेया	(विण्णेय) विधिकृ 1/2 अनि	समझे जाने चाहिये
*संसारी (मूल शब्द)	(संसारी) 1/2 वि	संसारी
सव्वे	(सव्व) 1/2 सवि	सभी
सुद्धा	(सुद्ध) 1/2 वि	शुद्ध
हु	अव्यय	परन्तु
सुद्धणया	(सुद्धणय) 5/1	शुद्धनय से

अन्वय- असुद्धणया चउदसहि मग्गणगुणठाणेहि य संसारी हवंति तह हु सुद्धणया सव्वे सुद्धा विण्णेया।

अर्थ- अशुद्धनय से चौदह मार्गणास्थान (अन्वेषण स्थान) और (चौदह) गुणस्थान (विकास स्थान) से युक्त (जीव) संसारी होते हैं, परन्तु शुद्धनय से सभी शुद्ध समझे जाने चाहिये।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14. णिक्कम्मा अट्ठगुणा किंचूणा चरमदेहदो सिद्धा।
लोयग्गठिदा णिच्चा उप्पादवएहिं संजुत्ता।।

णिक्कम्मा	(णिक्कम्म) 1/2 वि	कर्मो से मुक्त
अट्ठगुणा	{[(अट्ठ) वि-(गुण) 1/2] वि}	आठ गुणवाले
किंचूणा	(किंचूण) 1/2 वि	कुछ कम
चरमदेहदो	[(चरम) वि-(देह) 5/1] पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	अंतिम शरीर से
सिद्धा	(सिद्ध) 1/2 वि	सिद्ध
लोयग्गठिदा	[(लोय)+(अग्गठिदा)] [(लोय)-(अग्ग)- (ठिद) भूकृ 1/2 अनि]	लोक के अग्रभाग में अवस्थित
णिच्चा	(णिच्च) 1/2 वि	नित्य
उप्पादवएहिं	[(उप्पाद)-(वअ) 3/2]	उत्पाद व्यय से
संजुत्ता	(संजुत्त) 1/2 वि	संयुक्त

अन्वय- णिक्कम्मा सिद्धा अट्ठगुणा चरमदेहदो किंचूणा लोयग्गठिदा णिच्चा उप्पादवएहिं संजुत्ता।

अर्थ- कर्मों से मुक्त सिद्ध आठ गुणवाले, अंतिम शरीर से कुछ कम, लोक के अग्रभाग में अवस्थित, नित्य, उत्पाद व्यय से संयुक्त (होते हैं)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

15. अज्जीवो पुण णेओ पुग्गलधम्मो अधम्म आयासं।
कालो पुग्गल मुत्तो रूवादिगुणो अमुत्ति सेसा दु।।

अज्जीवो	(अज्जीव) 1/1	अजीव
पुण	अव्यय	(जीव के) विपरीत
णेओ	(णेअ) विधिकृ 1/1 अनि	जाना जाना चाहिये
पुग्गलधम्मो	[(पुग्गल)-(धम्म) 1/1]	पुद्गल, धर्म
*अधम्म (मूल शब्द)	(अधम्म) 1/1	अधर्म
आयासं	(आयास) 1/1	आकाश
कालो	(काल) 1/1	काल
*पुग्गल (मूल शब्द)	(पुग्गल) 1/1	पुद्गल
मुत्तो	(मुत्त) 1/1 वि	मूर्तिक
रूवादिगुणो	[(रूव)+(आदिगुणो)] {[(रूव)-(आदि)-(गुण) 1/1] वि}	रूपादि गुणवाला
*अमुत्ति (मूल शब्द)	(अमुत्ति) 1/1 वि	अमूर्तिक
सेसा	(सेस) 1/2 वि	शेष
दु	अव्यय	किन्तु

अन्वय– पुण अज्जीवो पुग्गलधम्मो अधम्म आयासं कालो णेओ पुग्गल रूवादिगुणो मुत्तो दु सेसा अमुत्ति।

अर्थ– (जीव के) विपरीत अजीव (द्रव्य)-पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश (और), काल जाना जाना चाहिये। पुद्गल रूपादि गुणवाला (होता है)(अतः)मूर्तिक (होता है) किन्तु शेष (धर्म, अधर्म, आकाश और काल) अमूर्तिक (होते हैं)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

16. सद्दो बंधो सुहुमो थूलो संठाण भेद तम छाया।
उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया।।

सद्दो	(सद्द) 1/1	शब्द
बंधो	(बंध) 1/1	बंध
सुहुमो	(सुहुम) 1/1 वि	सूक्ष्म
थूलो	(थूल) 1/1 वि	स्थूल
*संठाण (मूलशब्द)	(संठाण) 1/1	संस्थान
*भेद (मूलशब्द)	(भेद) 1/1	भेद
*तम (मूलशब्द)	(तम) 1/1	तम
छाया	(छाया) 1/1	छाया
उज्जोदादवसहिया	[(उज्जोद)+(आदवसहिया)]	
	[(उज्जोद)-(आदव)-(सहिय) 1/2 वि]	उद्योत, आतप सहित
पुग्गलदव्वस्स	[(पुग्गल)-(दव्व) 6/1]	पुद्गल द्रव्य की
पज्जाया	(पज्जाय) 1/2	पर्यायें

अन्वय- सद्दो बंधो सुहुमो थूलो संठाण भेद तम छाया उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया।

अर्थ- शब्द, बंध (बंधन), सूक्ष्म, स्थूल, संस्थान (आकृति), भेद (टुकड़े-टुकड़े होना), तम (अंधकार), छाया, उद्योत (प्रकाश), आतप (सूर्य, अग्नि आदि की गर्मी) सहित- (ये सब) पुद्गल द्रव्य की पर्यायें (हैं)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

17. गइपरिणयाण धम्मो पुग्गलजीवाण गमणसहयारी।
तोयं जह मच्छाणं अच्छंता णेव सो णेई।।

गइपरिणयाण	[(गइ)-(परिणय) भूकृ 4/2 अनि]	गति में परिवर्तित के लिए
धम्मो	(धम्म) 1/1	धर्म
पुग्गलजीवाण	[(पुग्गल)-(जीव) 4/2]	पुद्गल और जीवों के लिए
गमणसहयारी	[(गमण)-(सहयारि) 1/1 वि]	गमन में सहकारी
तोयं	(तोय) 1/1	जल
जह	अव्यय	जैसे
मच्छाणं	(मच्छ) 4/2	मछलियों के लिए
अच्छंता	(अच्छ) वकृ 2/2	ठहरती हुई को
णेव	अव्यय	नहीं
सो	(त) 1/1 सवि	वह
णेई[1]	(णी) व 3/1 सक	गति कराना

अन्वय- गइपरिणयाण पुग्गलजीवाण धम्मो गमणसहयारी जह मच्छाणं तोयं सो अच्छंता णेई णेव।

अर्थ- गति में परिवर्तित पुद्गल और जीवों के लिए धर्म (द्रव्य) गमन में सहकारी (होता है) जैसे मछलियों के लिए जल। (किन्तु) वह (धर्म द्रव्य) ठहरती हुई (मछलियों) को गति नहीं कराता (अर्थात् गति में प्रेरक नहीं होता)।

---

1. छन्द की मात्रा हेतु 'इ' का 'ई' किया गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

18. ठाणजुदाण अधम्मो पुग्गलजीवाण ठाणसहयारी।
छाया जह पहियाणं गच्छंता णेव सो धरई।।

ठाणजुदाण	[(ठाण)-(जुद) भूकृ 4/2 अनि]	स्थितियुक्त के लिए (ठहरे हुओं के लिए)
अधम्मो	(अधम्म) 1/1	अधर्म
पुग्गलजीवाण	[(पुग्गल)-(जीव) 4/2]	पुद्गल और जीवों के लिए
ठाणसहयारी	[(ठाण)-(सहयारि)1/1 वि]	स्थिति में सहकारी
छाया	(छाया) 1/1	छाया
जह	अव्यय	जैसे
पहियाणं	(पहिय) 4/2	पथिकों के लिए
गच्छंता	(गच्छ) वकृ 2/2	चलते हुओं को
णेव	अव्यय	नहीं
सो	(त) 1/1 सवि	वह
धरई[1]	(धर) व 3/1 सक	ठहराता है

अन्वय- ठाणजुदाण पुग्गलजीवाण अधम्मो ठाणसहयारी जह पहियाणं छाया सो गच्छंता धरई णेव।

अर्थ- स्थितियुक्त पुद्गल और जीवों के लिए (अर्थात् ठहरे हुओं के लिए) अधर्म (द्रव्य) स्थिति (ठहरने) में सहकारी होता है जैसे पथिकों के लिए छाया। (किन्तु) वह (अधर्म द्रव्य) चलते हुओं (पथिकों) को ठहराता नहीं है (अर्थात् ठहराने में प्रेरक नहीं होता)।

---

1. छन्द की मात्रा हेतु 'इ' का 'ई' किया गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

19. अवगासदाणजोग्गं जीवादीणं वियाण आयासं।
जेण्हं लोगागासं अल्लोगागासमिदि दुविहं।।

अवगासदाणजोग्गं	[(अवगास)-(दाण) -(जोग्ग) 1/1 वि]	अवकाश (जगह) देने में योग्य (समर्थ)
जीवादीणं	[(जीव)+(आदीणं)] [(जीव)-(आदि) 4/2]	जीव आदि (द्रव्यों) के लिए
वियाण	(वियाण) विधि 2/1 सक	जानो
आयासं	(आयास) 2/1	आकाश को
जेण्हं	जे (अ) =	पादपूर्ति
	ण्हं (अ) =	वाक्यालंकार
लोगागासं	(लोगागास) 1/1	लोकाकाश
अल्लोगागासमिदि	[(अल्लोगागासं)+(इदि)]	
	अल्लोगागासं (अल्लोगागास)1/1	अलोकाकाश
	इदि (अ) = और	और
दुविहं	(दुविह) 1/1 वि	दो प्रकार का

अन्वय– जीवादीणं अवगासदाणजोग्गं आयासं वियाण जेण्हं दुविहं लोगागासं अल्लोगागासमिदि।

अर्थ– (जो) जीव आदि (द्रव्यों) के लिए अवकाश (जगह) देने में योग्य (समर्थ) (है) (उस) आकाश (द्रव्य) को जानो। (वह) (आकाश द्रव्य) दो प्रकार का है- लोकाकाश और अलोकाकाश।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

20. धम्माधम्मा कालो पुग्गलजीवा य संति जावदिये।
आयासे सो लोगो तत्तो परदो अलोगुत्तो।।

धम्माधम्मा	[(धम्म)+(अधम्मा)]	
	[(धम्म)-(अधम्म) 1/2]	धर्म, अधर्म
कालो	(काल)1/1	काल
पुग्गलजीवा	[(पुग्गल)-(जीव) 1/2]	पुद्गल, जीव
य	अव्यय	और
संति	(अस) व 3/2 अक	रहते हैं
जावदिये	(जावदिय) 7/1 वि	जितने
आयासे	(आयास) 7/1	आकाश में
सो	(त) 1/1 सवि	वह
लोगो	(लोग) 1/1	लोक
तत्तो	अव्यय	इसलिए
परदो	अव्यय	दूसरी तरफ
अलोगुत्तो	[(अलोग)+(उत्तो)]	
	(अलोग) 1/1	अलोक
	(उत्त) भूकृ 1/1 अनि	कहा गया है

अन्वय– धम्माधम्मा कालो पुग्गलजीवा य जावदिये आयासे संति सो लोगो तत्तो परदो अलोगुत्तो।

अर्थ– धर्म, अधर्म, काल, पुद्गल और जीव (द्रव्य) जितने आकाश में रहते हैं वह लोक (लोकाकाश) (है)। इसलिए दूसरी तरफ अलोक (अलोकाकाश) कहा गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

21. दव्वपरिवट्टरूवो जो सो कालो हवेइ ववहारो।
परिणामादी लक्खो वट्टणलक्खो य परमट्ठो।।

दव्वपरिवट्टरूवो	[(दव्व)-(परिवट्ट)-(रूव) 1/1 वि]	द्रव्य के बदलाव से युक्त
जो	(ज) 1/1 सवि	जो
सो	(त) 1/1 सवि	वह
कालो	(काल) 1/1	काल
हवेइ	(हव) व 3/1 अक	होता है
ववहारो	(ववहार) 1/1	व्यवहार
परिणामादी	[(परिणाम)+(आदी)] [(परिणाम)-(आदि) 1/1]	परिवर्तन आदि
लक्खो	(लक्ख) विधिकृ 1/1 अनि	पहचानने योग्य
वट्टणलक्खो	[(वट्टण)-(लक्ख) 1/1 वि]	परिवर्तन का प्रकाशक
य	अव्यय	परन्तु
परमट्ठो	(परमट्ठ) 1/1	परमार्थ (काल)

अन्वय– जो लक्खो दव्वपरिवट्टरूवो परिणामादी सो ववहारो कालो हवेइ य वट्टणलक्खो परमट्ठो।

अर्थ– जो पहिचानने योग्य द्रव्य के बदलाव से युक्त परिवर्तन आदि होता है वह व्यवहार काल (है) परन्तु परिवर्तन का प्रकाशक परमार्थ (काल) (होता है)। (परिवर्तन 'समय' में होता है अतः उसका प्रकाशक काल द्रव्य ही परमार्थ काल है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

22 लोयायासपदेसे इक्किक्के जे ठिया हु इक्किक्का।
रयणाणं रासी इव ते कालाणू असंखदव्वाणि।।

लोयायासपदेसे	[(लोयायास)-(पदेस) 7/1]	लोकाकाश के प्रदेश पर
इक्किक्के	(इक्किक्क) 7/1 वि	एक-एक
जे	(ज) 1/2 सवि	जो
ठिया	(ठिय) भूकृ 1/2 अनि	स्थित
हु	अव्यय	निश्चय ही
इक्किक्का	(इक्किक्क) 1/2 वि	एक-एक
रयणाणं	(रयण) 6/2	रत्नों के
रासी	(रासि) 1/1	ढेर
इव	अव्यय	समान
ते	(त) 1/2 सवि	वे
कालाणू	(कालाणु) 1/2	कालाणु
असंखदव्वाणि	[(असंख) वि-(दव्व) 1/2]	असंख्यात द्रव्य

अन्वय– लोयायासपदेसे इक्किक्के जे इक्किक्का कालाणू ठिया ते रयणाणं रासी इव हु असंखदव्वाणि।

अर्थ– लोकाकाश के एक-एक प्रदेश पर जो एक-एक कालाणु स्थित हैं वे (कालाणु) रत्नों के ढेर के समान निश्चय ही असंख्यात द्रव्य (हैं)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

23. एवं छब्भेयमिदं जीवाजीवप्पभेददो दव्वं।
उत्तं कालविजुत्तं णादव्वा पंच अत्थिकाया दु।।

एवं	अव्यय	इस प्रकार
छब्भेयमिदं	[(छब्भेयं)+(इदं)]	
	छब्भेयं (छब्भेय) 1/1	छह प्रकार
	इदं (इम) 1/1 सवि	यह
जीवाजीवप्पभेददो	[(जीव)+(अजीवप्पभेद)]	
	[(जीव)-(अजीव)-	जीव, अजीव के भेद
	(प्पभेद) 5/1]	से
	पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	
दव्वं	(दव्व) 1/1	द्रव्य
उत्तं	(उत्त) भूकृ 1/1 अनि	कहा गया है
कालविजुत्तं	[(काल)-(विजुत्त)	काल (द्रव्य)
	भूकृ 1/1 अनि]	से रहित
णादव्वा	(णा) विधिकृ 1/2	समझे जाने चाहिये
पंच	(पंच) 1/2 वि	पाँच
अत्थिकाया	(अत्थिकाय) 1/2	अस्तिकाय
दु	अव्यय	परन्तु

अन्वय– एवं इदं दव्वं जीवाजीवप्पभेददो छब्भेयं उत्तं दु कालविजुत्तं पंच अत्थिकाया णादव्वा।

अर्थ– इस प्रकार यह द्रव्य- जीव, अजीव के भेद से छह प्रकार (का) कहा गया है। परन्तु काल (द्रव्य) से रहित पाँच अस्तिकाय समझे जाने चाहिये।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

24. संति जदो तेणेदे अत्थित्ति भणंति जिणवरा जम्हा।
काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य।।

संति	(अस) व 3/2 अक	विद्यमान हैं
जदो	अव्यय	चूँकि
तेणेदे	[(तेण)+(एदे)]	
	तेण (अ) = इसलिए	इसलिए
	एदे (एद) 1/2 सवि	ये
अत्थित्ति	[(अत्थि)+(इति)]	
	अत्थि (अ) = अस्ति	अस्ति
	इति (अ) = ही	ही
भणंति	(भण) व 3/2 सक	कहते हैं
जिणवरा	(जिणवर) 1/2	जिनवर
जम्हा	अव्यय	चूँकि
काया	(काया) 1/1	देह
इव	अव्यय	की तरह
बहुदेसा	(बहुदेस) 1/2 वि	बहुत प्रदेशी
तम्हा	अव्यय	इसलिये
काया	(काय) 1/2	काय
य	अव्यय	भी
अत्थिकाया	(अत्थिकाय) 1/2	अस्तिकाय
य	अव्यय	और

अन्वय– जदो एदे संति तेण जिणवरा अत्थित्ति भणंति जम्हा काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य।

अर्थ– चूँकि ये (द्रव्य) विद्यमान हैं इसलिए जिनवर (इनको) 'अस्ति' ही कहते हैं। चूँकि (ये द्रव्य) देह की तरह बहुत प्रदेशी (है) इसलिये 'काय' भी (कहे जाते हैं)। और (ये द्रव्य अस्ति और काय संयुक्तरूप से) अस्तिकाय (कहे गये हैं)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

25. होंति असंखा जीवे धम्माधम्मे अणंत आयासे।
मुत्ते तिविह पदेसा कालस्सेगो ण तेण सो काओ।।

होंति	(हो) व 3/2 अक	होते हैं
असंखा	(असंख) 1/2 वि	असंख्यात
जीवे	(जीव) 7/1	जीव में
धम्माधम्मे	[(धम्म)+(अधम्मे)]	
	[(धम्म)-(अधम्म) 7/1]	धर्म और अधर्म में
*अणंत (मूल शब्द)	(अणंत) 1/2	अनंत
आयासे	(आयास) 7/1	आकाश में
मुत्ते	(मुत्त) 7/1 वि	मूर्त में
*तिविह (मूल शब्द)	(तिविह) 1/2 वि	तीन प्रकार के
पदेसा	(पदेस) 1/2	प्रदेश
कालस्सेगो	[(कालस्स)+(एगो)]	
	कालस्स (काल)[1] 6/1	काल का/में
	एगो (एग) 1/1 वि	एक
ण	अव्यय	नहीं
तेण	अव्यय	इसलिए
सो	(त) 1/1 सवि	वह
काओ	(काअ) 1/1	काय

अन्वय– जीवे धम्माधम्मे असंखा पदेसा होंति आयासे अणंत मुत्ते तिविह कालस्सेगो तेण सो काओ ण।

अर्थ– जीव (द्रव्य) में, धर्म तथा अधर्म (द्रव्य) में असंख्यात प्रदेश होते हैं। आकाश में अनंत (प्रदेश होते हैं)। मूर्त (पुद्गल) में तीन प्रकार के (संख्यात, असंख्यात, अनंत प्रदेश) (होते हैं)। काल का/में एक (प्रदेश होता है)। इसलिए वह 'काय' नहीं है।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

1. सप्तमी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का प्रयोग। (हेम प्राकृत व्याकरण 3-134)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

26. एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु।।

एयपदेसो	{[(एय)-(पदेस) 1/1] वि}	एक प्रदेश
वि	अव्यय	भी
अणू	(अणु) 1/1	परमाणु
णाणाखंधप्पदेसदो	[(णाणा) वि-(खंध)-(प्पदेस) 5/1] पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	अनेक स्कंध प्रदेश से
होदि	(हो) व 3/1 अक	होता है
बहुदेसो	(बहुदेस) 1/1 वि	बहुत प्रदेशी
उवयारा	(उवयार) 5/1	व्यवहार से
तेण	अव्यय	इसलिये
य	अव्यय	पादपूर्ति
काओ	(काअ) 1/1	काय
भणंति	(भण) व 3/2 सक	कहते हैं
*सव्वण्हु (मूल शब्द)	(सव्वण्हु) 1/1 वि	सर्वज्ञ देव

अन्वय– एयपदेसो अणू वि णाणाखंधप्पदेसदो बहुदेसो होदि तेण य सव्वण्हु उवयारा काओ भणंति ।

अर्थ– एक प्रदेश (पुद्गल) परमाणु भी अनेक स्कंध प्रदेश से बहुत प्रदेशी होता है। इसलिये सर्वज्ञ देव व्यवहार से (परमाणु को) काय कहते हैं।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

27. जावदियं आयासं अविभागीपुग्गलाणुवट्टीदं[1]।
तं खु पदेसं जाणे सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं।।

जावदियं	(जावदिय) 1/1 वि	जितना
आयासं	(अयास) 1/1	आकाश
अविभागी-	[(अविभागीपुग्गल)+(अणुवट्टीदं)]	
पुग्गलाणुवट्टीदं	[(अविभागी) वि-(पुग्गल)	अविभागी पुद्गल
	(अणु)-(वट्ट→वट्टिदं→वट्टीदं)	परमाणु द्वारा
	भूक 1/1]	आच्छादित
तं	(त) 2/1 सवि	उसको
खु	अव्यय	निश्चय ही
पदेसं	(पदेस) द्वि/1	प्रदेश
जाणे[2]	(जाण) विधि 2/1 सक	जानो
सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं	[(सव्व)+(अणुट्ठाणदाण)+	
	(अरिहं)]	
	[(सव्व)-(अणु)-(ट्ठाण)-	सब अणुओं को
	(दाण)-(अरिह) द्वि/1 वि]	स्थान देने में योग्य

अन्वय– जावदियं आयासं अविभागीपुग्गलाणुवट्टीदं तं खु सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं पदेसं जाणे।

अर्थ– जितना आकाश अविभागी पुद्गल परमाणु द्वारा आच्छादित (है) उसे निश्चय ही सब अणुओं को स्थान देने में योग्य प्रदेश जानो।

---

1. उड्ढं के स्थान पर वट्टीदं (वट्टिदं→वट्टीदं) पाठ होना चाहिए। छंद की मात्रा के लिये यहाँ दीर्घ किया गया है।
2. पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 679

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दूसरा अधिकार
(सात तत्त्व, नव पदार्थ का निरूपण)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

28. आसव बंधण संवर णिज्जर मोक्खो सपुण्णपावा जे।
जीवाजीवविसेसा ते वि समासेण पभणामो ।।

*आसव (मूल शब्द)	(आसव) 1/1	आस्रव
*बंधण (मूल शब्द)	(बंधण) 1/1	बंध
*संवर (मूल शब्द)	(संवर) 1/1	संवर
णिज्जर[1]	(णिज्जरा) 1/1	निर्जरा
मोक्खो	(मोक्ख) 1/1	मोक्ष
सपुण्णपावा	[(स) वि-(पुण्ण)-(पाव) 1/2]	पुण्य-पाप सहित
जे	(ज) 1/2 सवि	जो
जीवाजीवविसेसा	[(जीव)+(अजीवविसेसा)]	
	[(जीव)-(अजीव)-(विसेस) 1/2]	जीव और अजीव (द्रव्य) के भेद
ते	(त) 2/2 सवि	उनको
वि	अव्यय	भी
समासेण[2]	(समास) 3/1	संक्षेप में
पभणामो	(पभण) व 1/2 सक	कहते हैं

अन्वय– सपुण्णपावा आसव बंधण संवर णिज्जर मोक्खो जे जीवाजीवविसेसा ते वि समासेण पभणामो।

अर्थ– पुण्य-पाप सहित आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा (और) मोक्ष जो (पदार्थ) जीव और अजीव (द्रव्य) के भेद (हैं), उनको भी (हम) संक्षेप में कहते हैं।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

1. छंद की मात्रा की सुविधा के अनुसार दीर्घ स्वर को ह्रस्व किया गया है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 182)
2. सप्तमी विभक्ति के स्थान पर तृतीया विभक्ति का प्रयोग।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

29. आसवदि जेण कम्मं परिणामेणप्पणो स विण्णेओ।
भावासवो जिणुत्तो कम्मासवणं परो होदि।।

आसवदि	(आसव) व 3/1 सक	प्रवेश मिलता है
जेण	(ज) 3/1 सवि	जिससे
कम्मं	(कम्म) 2/1	कर्म को
परिणामेणप्पणो	[(परिणामेण)+(अप्पणो)]	
	परिणामेण (परिणाम) 3/1	भाव से
	अप्पणो (अप्प) 6/1	आत्मा के
स	(त) 1/1 सवि	वह
विण्णेओ	(विण्णेअ) विधिकृ 1/1 अनि	समझा जाना चाहिये
भावासवो	(भावासव) 1/1	भावास्रव
जिणुत्तो	[(जिण)+(उत्तो)]	
	[(जिण)-(उत्त) भूकृ 1/1 अनि]	जिनेन्द्र के द्वारा कहा हुआ
कम्मासवणं	[(कम्म)+(आसवणं)]	
	[(कम्म)-(आसवण) 1/1]	द्रव्यकर्म का प्रवेश
परो	(पर) 1/1 वि	भिन्न
होदि	(हो) व 3/1 अक	होता है

अन्वय– परिणामेणप्पणो जेण कम्मं आसवदि स जिणुत्तो भावासवो विण्णेओ कम्मासवणं परो होदि।

अर्थ–आत्मा के जिस भाव से कर्म को प्रवेश मिलता है वह जिनेन्द्र के द्वारा कहा हुआ भावास्रव समझा जाना चाहिये। (जो) द्रव्यकर्म का प्रवेश (द्रव्यास्रव) होता है (वह) भिन्न (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

30. मिच्छत्ताविरदिपमादजोगकोधादओऽथ विण्णेया।
पण पण पणदस तिय चदु कमसो भेदा दु पुव्वस्स।।

मिच्छत्ताविरदिपमाद-	[(मिच्छत्त)+(अविरदिपमादजोगकोध)+	
जोगकोधादओऽथ	(आदओ)+(अथ)]	
मिच्छत्ताविरदिपमाद-	[(मिच्छत्त)-(अविरदि)-	मिथ्यात्व, अविरति
जोगकोधादओऽथ	(पमाद)-(जोग)-(कोध)-	प्रमाद, योग, क्रोध
	(आदि) 1/2]	(कषाय) आदि
	अथ (अ) = अब	अब
विण्णेया	(विण्णेय) विधिकृ 1/2 अनि	समझे जाने चाहिये
पण	(पण) 1/2 वि	पाँच
पण	(पण) 1/2 वि	पाँच
पणदस	(पणदस) 1/2 वि	पन्द्रह
*तिय (मूल शब्द)	(तिय) 1/2 वि 'य' स्वार्थिक	तीन
*चदु (मूल शब्द)	(चदु) 1/2 वि	चार
कमसो	अव्यय	क्रम से
भेदा	(भेद) 1/2	भेद
दु	अव्यय	और
पुव्वस्स	(पुव्व) 6/1 वि	पहले के

अन्वय– अथ पुव्वस्स मिच्छत्ताविरदिपमादजोगकोधादओ भेदा विण्णेया कमसो पण पण पणदस तिय दु चदु।

अर्थ– अब पहले (भावास्रव) के मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, योग, क्रोध (कषाय) आदि भेद समझे जाने चाहिये। (वे) (मिथ्यात्व आदि) क्रम से पाँच, पाँच, पन्द्रह, तीन और चार (हैं)।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है।

(पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

31. णाणावरणादीणं जोग्गं जं पुग्गलं समासवदि।
दव्वासवो स णेओ अणेयभेओ जिणक्खादो ।।

णाणावरणादीणं	[(णाणावरण)+(आदीणं)]	
	[(णाणावरण)-(आदि) 6/2]	ज्ञानावरणादि (कर्मों) के
जोग्गं	(जोग्ग) 1/1 वि	योग्य
जं	(ज) 1/1 सवि	जो
पुग्गलं	(पुग्गल) 1/1	पुद्गल
समासवदि	[(सम)+(आसव)]	
	सम (अ) = साथ-साथ	साथ-साथ
	(आसव) व 3/1 सक	आता है
दव्वासवो	(दव्वासव) 1/1	द्रव्यास्रव
स	(त) 1/1 सवि	वह
णेओ	(णेअ) विधिकृ 1/1 अनि	समझा जाना चाहिये
अणेयभेओ	{[(अणेय)-(भेअ)1/1] वि}	अनेक भेदवाला
जिणक्खादो	[(जिण)-(अक्खाद)	जिनेन्द्रदेव के द्वारा
	भूकृ 1/1 अनि]	कहा गया है

अन्वय– णाणावरणादीणं जोग्गं जं पुग्गलं समासवदि स दव्वासवो णेओ जिणक्खादो अणेयभेओ।

अर्थ– ज्ञानावरणादि (कर्मों) के योग्य जो पुद्गल (भाव के) साथ-साथ आता है, वह द्रव्यास्रव समझा जाना चाहिये। (वह) जिनेन्द्रदेव के द्वारा अनेक भेदवाला कहा गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

32. बज्झदि कम्मं जेण दु चेदणभावेण भावबंधो सो।
कम्मादपदेसाणं अण्णोण्णपवेसणं इदरो।।

बज्झदि	(बज्झ) व कर्म 3/1 सक अनि	बांधा जाता है
कम्मं	(कम्म) 1/1	कर्म
जेण	(ज) 3/1 सवि	जिससे
दु	अव्यय	और
चेदणभावेण	[(चेदण)-(भाव) 3/1]	आत्मभाव (राग-द्वेषादि) से
भावबंधो	(भावबंध) 1/1	भावबंध
सो	(त) 1/1 सवि	वह
कम्मादपदेसाणं	[(कम्म)+(आदपदेसाणं)] [(कम्म)-(आद)-(पदेस) 6/2]	कर्म तथा आत्मा के प्रदेशों का
अण्णोण्णपवेसणं	[(अण्णोण्ण) वि -(पवेसण) 1/1]	परस्पर/आपस में प्रवेश
इदरो	(इदर) 1/1 वि	अन्य

अन्वय– जेण चेदणभावेण कम्मं बज्झदि सो भावबंधो दु कम्मादपदेसाणं अण्णोण्णपवेसणं इदरो।

अर्थ– जिस आत्मभाव (राग-द्वेषादि भाव) से कर्म बांधा जाता है वह भावबंध है और कर्म तथा आत्मा के प्रदेशों का परस्पर/आपस में प्रवेश (वह) अन्य (द्रव्यबंध है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

33. पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसभेदा दु चदुविधो बंधो।
जोगा पयडिपदेसा ठिदिअणुभागा कसायदो होंति।।

पयडिट्ठिदिअणुभाग-प्पदेसभेदा	[(पयडि)-(ट्ठिदि)-(अणुभाग)-(प्पदेस)-(भेद) 5/1]	प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, प्रदेश भेद से
दु	अव्यय	और
चदुविधो	(चदुविध) 1/1 वि	चार प्रकार का
बंधो	(बंध) 1/1	बंध
जोगा	(जोग) 5/1	योग से
पयडिपदेसा	[(पयडि)-(पदेस) 1/2]	प्रकृति और प्रदेश
ठिदिअणुभागा	[(ठिदि)-(अणुभाग) 1/2]	स्थिति और अनुभाग
कसायदो	(कसाय) 5/1 पंचमी अर्थक 'दो' प्रत्यय	कषाय से
होंति	(हो) व 3/2 अक	होते हैं

अन्वय– पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसभेदा बंधो चदुविधो जोगा पयडिपदेसा दु कसायदो ठिदिअणुभागा होंति।

अर्थ– प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश भेद से बंध चार प्रकार का (है)। योग से प्रकृति और प्रदेश (बंध होते हैं) और कषाय से स्थिति और अनुभाग (बंध) होते हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

34. चेदणपरिणामो जो कम्मस्सासवणिरोहणे हेदू।
सो भावसंवरो खलु दव्वासवरोहणे अण्णो।।

चेदणपरिणामो	[(चेदण)-(परिणाम) 1/1]	आत्मा का भाव
जो	(ज) 1/1 सवि	जो
कम्मस्सासव-	[(कम्मस्स)+(आसवणिरोहणे)]	
णिरोहणे	कम्मस्स (कम्म) 6/1	कर्म के
	[(आसव)-(णिरोहण) 7/1]	आस्रव को रोकने में
हेदू	(हेदु) 1/1	कारण
सो	(त) 1/1 सवि	वह
भावसंवरो	(भावसंवर) 1/1	भावसंवर
खलु	अव्यय	अतः
दव्वासवरोहणे	[(दव्व)+(आसवरोहणे)]	
	[(दव्व)-(आसव)	द्रव्यास्रव को
	-(रोहण) 7/1]	रोकने में
अण्णो	(अण्ण) 1/1 सवि	दूसरा

अन्वय– चेदणपरिणामो जो कम्मस्सासवणिरोहणे हेदू सो खलु भावसंवरो दव्वासवरोहणे अण्णो।

अर्थ– आत्मा का भाव जो कर्म के आस्रव को रोकने में कारण (है) वह भावसंवर (है)। (वह) द्रव्यास्रव को रोकने में (भी) (कारण) (होता है)। अतः दूसरा (द्रव्यसंवर) (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

35. वदसमिदीगुत्तीओ धम्माणुपेहा परीसहजओ य।
चारित्तं बहुभेया णायव्वा भावसंवरविसेसा।।

वदसमिदीगुत्तीओ	[(वद)-(समिदि)-(गुत्ति) 1/2]	व्रत-समिति-गुप्ति
धम्माणुपेहा	[(धम्म)-(अणुपेहा) 1/2]	धर्म-अनुप्रेक्षा
परीसहजओ	(परीसहजअ) 1/1	परीषह को जीतना
य	अव्यय	और
चारित्तं	(चारित्त) 1/1	चारित्र
बहुभेया	(बहुभेय) 1/2 वि	बहुत भेदवाले
णायव्वा	(णा) विधिकृ 1/2	समझे जाने चाहिये
भावसंवरविसेसा	[(भाव)-(संवर)-(विसेस) 1/2]	भावसंवर के भेद

अन्वय– वदसमिदीगुत्तीओ धम्माणुपेहा परीसहजओ य चारित्तं बहुभेया भावसंवरविसेसा णायव्वा।

अर्थ– व्रत-समिति-गुप्ति-धर्म-अनुप्रेक्षा-परीषह को जीतना और चारित्र-(ये सब) बहुत भेदवाले भावसंवर के भेद समझे जाने चाहिये।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

36. जह कालेण तवेण य भुत्तरसं कम्मपुग्गलं जेण।
भावेण सडदि णेया तस्सडणं चेदि णिज्जरा दुविहा।।

जह कालेण	अव्यय	उचित समय आने पर
तवेण	(तव) 3/1	तप द्वारा
य	अव्यय	और
भुत्तरसं	[(भुत्त) भूकृ अनि-(रस) 1/1]	भोगा हुआ रस
कम्मपुग्गलं	[(कम्म)-(पुग्गल) 1/1]	कर्म पुद्गल
जेण	(ज) 3/1 सवि	जिससे
भावेण	(भाव) 3/1	भाव से
सडदि	(सड) व 3/1 अक	विलीन हो जाता है
णेया	(णेय) विधिकृ 1/1 अनि	समझी जानी चाहिये
तस्सडणं	(तस्सडण) 1/1	उसका नष्ट
चेदि	[(च)+(इदि)]	
	च (अ) = और	और
	इदि (अ) = अतः	अतः
*णिज्जरा(मूलशब्द)	(णिज्जरा) 1/1	निर्जरा
दुविहा	(दुविहा) 1/1 वि	दो प्रकार की

अन्वय– जेण भावेण भुत्तरसं सडदि य जह कालेण च तवेण कम्मपुग्गलं तस्सडणं इदि णिज्जरा दुविहा णेया।

अर्थ– (आत्मा के) जिस (वीतराग) भाव से (मिथ्यात्व अवस्था में) भोगा हुआ रस विलीन हो जाता है (वह) (भावनिर्जरा) (है) और उचित समय आने पर और तप द्वारा उस (आत्मा) का कर्मपुद्गल नष्ट (होता है) (वह) (द्रव्यनिर्जरा) (है)। अतः निर्जरा दो प्रकार की समझी जानी चाहिये।

---

* प्राकृत में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञा शब्द काम में लाया जा सकता है। (पिशलः प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ 517)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

37. **सव्वस्स कम्मणो जो खयहेदू अप्पणो हु परिणामो।**
णेयो स भावमुक्खो दव्वविमुक्खो य कम्मपुहभावो ।।

सव्वस्स	(सव्व) 6/1 सवि	समस्त
कम्मणो	(कम्म) 6/1	कर्म के
जो	(ज) 1/1 सवि	जो
खयहेदू	[(खय)-(हेदु) 1/1]	नाश का कारण
अप्पणो	(अप्प) 6/1	आत्मा का
हु	अव्यय	निश्चय ही
परिणामो	(परिणाम) 1/1	परिणाम
णेयो	(णेय) विधिकृ 1/1 अनि	समझा जाना चाहिये
स	(त) 1/1 सवि	वह
भावमुक्खो	[(भाव)-(मुक्ख) 1/1]	भावमोक्ष
दव्वविमुक्खो	[(दव्व)-(विमुक्ख) 1/1]	द्रव्यमोक्ष
य	अव्यय	और
कम्मपुहभावो	[(कम्म)-(पुह) वि-(भाव) 1/1]	कर्म की पृथक अवस्था

अन्वय– सव्वस्स कम्मणो खयहेदू जो अप्पणो परिणामो स हु भावमुक्खो णेयो य कम्मपुहभावो दव्वविमुक्खो।

अर्थ– समस्त कर्म के नाश का कारण जो आत्मा का परिणाम (है) वह निश्चय ही भावमोक्ष समझा जाना चाहिये और (द्रव्य) कर्म की (आत्मा से) पृथक अवस्था द्रव्यमोक्ष (है)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

38. सुहअसुहभावजुत्ता पुण्णं पावं हवंति खलु जीवा।
सादं सुहाउ णामं गोदं पुण्णं पराणि पावं च ।।

सुहअसुहभावजुत्ता	[(सुह) वि-(असुह) वि-(भाव)-(जुत्त) भूकृ 1/2 अनि]	शुभ और अशुभ भावों से युक्त
पुण्णं	(पुण्ण) 1/1 वि	पुण्यरूप
पावं	(पाव) 1/1 वि	पापरूप
हवंति	(हव) व 3/2 अक	होते हैं
खलु	अव्यय	निश्चय ही
जीवा	(जीव) 1/2	जीव
सादं	(साद) 1/1	साता वेदनीय
